# ओलंपियाकोस ने रियल को हराकर खिताब जीता

## यूरोलीग 2026 पर ग्रीक टीम का कब्जा, एथेंस में घरेलू दर्शकों के सामने हुई जीत

**13 साल बाद ओलंपियाकोस ने जीता खिताब**



**एथेंस (रोम), 25 मई — यूरोलीग 2026 के फाइनल में ग्रीस की टीम ओलंपियाकोस पिरियस ने स्पेन की दिग्गज टीम रियल मैड्रिड को 92-85 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया.**

यह जीत टीम के लिए बेहद खास रही क्योंकि उसने 13 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर यूरोप का सबसे बड़ा बास्केटबॉल खिताब जीत लिया. ओलि्य्म्पएकोस बी सी ने यह मुकाबला एथेंस के टेलीकॉम सेंटर में खेला, जहां हजारों घरेलू दर्शकों के सामने टीम ने शानदार प्रदर्शन किया. यह फाइनल फोर का खिताबी मुकाबला था, जो 19 साल बाद ग्रीक राजधानी एथेंस में आयोजित हुआ था. घरेलू माहौल ने ओलंपियाकोस को अतिरिक्त ऊर्जा दी और टीम ने इसका पूरा फायदा उठाया.

मैच की शुरुआत से ही ओलंपियाकोस ने आक्रामक खेल दिखाया. पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हाफटाइम तक ओलंपियाकोस ने 46-44 की मामूली बढ़त बना ली थी. रियल मैड्रिड ने भी लगातार जवाब दिया, जिससे मैच पूरी तरह संतुलित बना रहा.

तीसरे क्वार्टर में मुकाबला और भी रोमांचक हो गया. दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी, लेकिन निर्णायक चौथे क्वार्टर में ओलंपियाकोस ने अनुभव और धैर्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया. आखिरी मिनटों में टीम ने मजबूत डिफेंस और सटीक शॉट्स के दम पर मैच अपने पक्ष में कर लिया.

ओलंपियाकोस की जीत में इवान फोरनियर सबसे बड़े हीरो रहे, जिन्होंने 20 अंक बनाए. उनके साथ एलेक पीटर्स ने 16 अंक, साशा वेज़ेनकोव ने 12 अंक और थॉमस वॉकअप ने 10 अंक जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में रखा. इन खिलाड़ियों ने मिलकर टीम के स्कोरिंग को संतुलित बनाए रखा.

**सेमीफाइनल में वालेंसिया बास्केट को हराया**

रियल मेड्रिड बालोंकेस्तो की ओर से ट्रे लाइल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 अंक बनाए और मैच के टॉप स्कोरर रहे. मारियो हेज़ोनजा ने 19 अंक और एंड्रेस फेलिज़ ने 13 अंक जोड़कर टीम को मुकाबले में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन आखिरी समय में ओलंपियाकोस की रणनीति भारी पड़ गई. ओलंपियाकोस ने फाइनल में पहुंचने के लिए भी मजबूत प्रदर्शन किया था. टीम ने सेमीफाइनल में तुर्की की फेनरबाचे को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी. दूसरी ओर, रियल मैड्रिड ने अपने सेमीफाइनल में वालेंसिया बास्केट को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था.

### एक नजर में

## पांच शहरों में होगा प्लेऑफ फेज : बीसीसीआई

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को पांच राज्यों के पांच शहरों में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फैन पार्क्स 2026 - प्लेऑफ फेज के कार्यकम की घोषणा की फैन पार्क्स 29 और 31 मई को होस्ट किए जाएंगे, जिससे अलग-अलग इलाकों के फैंस आईपीएल सीजन के रोमांचक समापन का अनुभव एक शानदार और कार्निवल जैसे माहौल में कर सकेंगे. प्लेऑफ फेज के लिए आईपीएल फैन पार्क ग्वालियर( मध्य प्रदेश), गाजीपुर (उत्तर प्रदेश), मंगलुरु( कर्नाटक), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा) में होंगे. हर फैन पार्क में आईपीएल 2026 प्लेऑफ मैचों की लाइव स्क्रीनिंग होगी, साथ ही म्यूजिक, एंटरटेनमेंट, फ़ूड कोर्ट, बच्चों के खेलने के ज़ोन, और इंटरैक्टिव फ़ैन एंगेजमेंट एक्टिविटीज़ जैसे वर्चुअल बैटिंग जोन, बॉलिंग नेट, फेस पेंटिंग, और फैन के पसंदीदा गेम जैसे पिच परफ़ेक्ट, गेम ऑफ़ थ्रोज़ और डोंट मिस द बॉल जैसे कई दिलचस्प ऑन-ग्राउंड अनुभव होंगे.

## नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के अगले दौर में



**पेरिस.** सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 के पहले दौर में फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड को झझ5-7, 7-5, 6-1, 6-4झझ से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली. 39 साल के जोकोविच ने शुरुआती दो सेटों में फॉर्म और लय से जूझने के बाद, अपनी अनुभवी खेल शैली से पेरीकार्ड की तूफानी सर्विस का तोड़ निकाला और अगले तीन सेट आसानी से जीत लिया. जोकोविच ने इस वर्ष अब तक 11 एकल मुकाबले खेले है. दूसरे राउंड में जोकोविच का सामना बुधवार को फ्रांच के टेनिस खिलाड़ी वैलेंटिन रॉयर से होगा. मैच के बाद कोर्ट पर जोकोविच ने फ्रेंच में कहा, 'जियोवानी को बधाई.' 'मैंने उनके साथ पहली बार खेला और यह देखना लगभग नामुमकिन है कि वह कहाँ सर्व करेंगे. यह कुछ ऐसा है जैसा मैंने अपने करियर में शायद एक या दो बार देखा है, रेली ओपेल्का या इवो कार्लोविक के साथ. ऐसे मैच में, आपको फोकस रखना होता है और मौके का इंतज़ार करना होता है.



## कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड की स्टार तिगड़ी वनडे विश्वकप 2027 की करेगी तैयारी

**सिडनी.** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि फिटनेस और वर्कलोड की चिंताओं के बावजूद, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की स्टार तिगड़ी पाकिस्तान और बंगलादेश के साथ सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं है ये तीनों आगामी एकदिवसीय विश्व कप 2027 के लिए तैयारी करेंगे. मैकडोनाल्ड ने कहा कि ये तीनों ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान और बंगलादेश के सफेद गेंद दौरे का हिस्सा नहीं हैं. ये तीनों दोनों सीरीज़ खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट-व्यस्त कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम करने के लिए कहा गया था. और जबकि टेस्ट खेलना टॉप प्रायोरिटी है, ऑस्ट्रेलिया प्रबंधन को उम्मीद है कि ये तीनों वर्ल्ड कप के लिए टॉप शेप में रह सकते हैं, जो अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका में होना है.

## फीफा विश्वकप से पहले मेसी के पैर में लगी चोट




**फ्लोरिडा.** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना के शुरुआती मैच से तीन सप्ताह पहले, मेजर लीग सॉकर में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ इंटर मियामी के मैच में पैर में चोट लग गई. रविवार को खेले गये मुकाबले के 73वें मिनट में मेसी अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए मैदान से चले गए. उतारने की रिक्वेस्ट करने के बाद, 38 साल के मेसी को सामान्य तरीके से चलते हुए देखा गया जब वह टनल से होते हुए लॉकर रूम में गए. यह मेसी का इंटर मियामी के लिए आखिरी एमएलएस गेम था, इससे पहले कि वह अर्जेंटीना में शामिल हों, जो 16 जून को ग्रुप जे के मुकाबले में अल्जीरिया का सामना करते हुए अपने विश्वकप खिताब के बचाव की शुरुआत करेंगे. इंटर मियामी के कोच गुइलेर्मो होयोस, जिनकी टीम ने 6-4 से जीत हासिल की, ने मैच के बाद कहा कि रिकॉर्ड आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता को एहतियात के तौर पर फ्लोरिडा के मियामी में बारिश वाली रात में गीली पिच से हटा दिया गया था.

# पर्पल कैप रेस में तीसरे स्थान पर पहुंचे आर्चर

## मुंबई के खिलाफ शानदार प्रदर्शन




**मुम्बई, 25 मई. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लीग चरण के बाद पर्पल कैप की दौड़ और तेज हो गई है. राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को अहम जीत दिलाई और पर्पल कैप सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए.**

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफरा आर्चर ने इस मैच में 4 ओवर में सिर्फ 17 रन देकर 3 विकेट लिए. उन्होंने पावरप्ले में रोहित शर्मा और नमन धीर को आउट किया, जबकि 16वें ओवर में हार्दिक पंड्या को पवेलियन भेजकर मैच का रुख बदल दिया. उनकी गेंदबाजी ने मुंबई इंडियंस की बल्लेबाजी को पूरी तरह दबाव में डाल दिया. इस प्रदर्शन के बाद आर्चर ने पर्पल कैप की रेस में बड़ी छलांग लगाई और तीसरे स्थान पर पहुंच गए. उन्होंने कई गेंदबाजों को पीछे छोड़ा और अब वह शीर्ष तीन में मजबूती से शामिल हो गए हैं.

> ऑरेंज कैप की दौड़ में भी लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है. राजस्थान के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पूरे सीजन अच्छा प्रदर्शन करते रहे, लेकिन मुंबई के खिलाफ वह सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए. उनके कुल रन 583 हो गए और वह उस समय चौथे स्थान पर थे. उनसे आगे गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन (638 रन), शुभमन गिल (616 रन) और सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन (606 रन) थे. इसके बाद केएल राहुल ने अपने आखिरी मैच में शानदार प्रदर्शन किया.



# एम्मा राडुकानू फ्रेंच ओपन के पहले राउंड में हारी

**पेरिस, 25 मई अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा के खिलाफ पहले राउंड के मुकाबले में हार के साथ एम्मा राडुकानू का फ्रेंच ओपन में अभियान समाप्त हो गया.**

मात्र 25 मिनट तक चले निराशाजनक पहले सेट में एक भी गेम जीतने में नाकाम रहने के बाद, ब्रिटिश नंबर एक खिलाड़ी ने दूसरे सेट में डबल-ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया. दुनिया की 68वें नंबर की सिएरा ने वापसी करते हुए राडुकानू पर 6-0, 7-6 (7-4) से जीत दर्ज की. राडुकानू ने 15 अनफोर्स्ड एरर किए और कोई विनर नहीं बनाया, जबकि सिएरा ने दो बार और ब्रेक करके पहला सेट 'बैगल' जीत लिया. निराश राडुकानू ने दूसरे सेट के लिए लौटने से पहले कोर्ट से कुछ समय निकाला, और हालांकि वह शुरुआत में ही एक गेम जीतने में कामयाब रहीं.

> उल्लेखनीय है कि राडुकानू हाल के सालों में बीमारी और चोटों से परेशान रही हैं और 2021 में यूएस ओपन जीतने के बाद से वह केवल एक बार किसी मेजर के तीसरे राउंड से आगे बढ़ पाई हैं. दूसरे राउंड में सिएरा का सामना इटली की 13वीं सीड जैस्मीन पाओलिनी या यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का से होगा.

# गर्मी में डीपीवीएल फेज 1 ट्रॉयल्स में उमड़ी भीड़




**नयी दिल्ली, 25 मई दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) के फेज 1 ट्रायल्स रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुए. प्रचंड गर्मी के बावजूद राजधानी भर से बड़ी संख्या में वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो दर्शाता है कि यदि खेल के प्रति जुनून, समर्पण और प्रतिबद्धता हो तो कुछ भी आपको रोक नहीं सकता.**

ट्रायल्स के दौरान दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन के सदस्य कुलबीर सिंह और प्रियंक शर्मा भी उपस्थित रहे. डीपीवीएल प्रबंधन ने खिलाड़ियों की गुणवत्ता और भागीदारी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, 'हमने पारदर्शी और पेशेवर चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एक अनुभवी चयन समिति का गठन किया, जिसने खिलाड़ियों का मूल्यांकन तकनीकी कौशल, फिटनेस, खेल की समझ और कोर्ट पर प्रदर्शन जैसे विभिन्न मानकों पर किया. लीग का उद्देश्य भविष्य के वॉलीबॉल सितारों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है.'

> पूर्व भारतीय कप्तान विनीत कुमार ने बातचीत के दौरान कहा, 'भीषण गर्मी के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों को समर्पण के साथ भाग लेते देखना बेहद प्रेरणादायक है. आज जो ऊर्जा और जुनून देखने को मिला, वह दर्शाता है कि दिल्ली में वॉलीबॉल की अपार संभावनाएं हैं. डीपीवीएल जैसी पहल भविष्य के सितारों के लिए मजबूत रास्ता तैयार कर सकती है.'

# अपने कोच के कारण शानदार गेंदबाजी कर पाया : कुलदीप

**कोलकाता, 25 मई स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि उनका आईपीएल सीजन अच्छा नहीं रहा, मैं पिछले मैच के बाद घर लौटा और अपने कोच के साथ उन भूले हुए एरिया काम किया जिसमें काम करने की जरुरत थी और इस मैच में शानदार गेंदबाजी कर पाया.**

केकेआर के खिलाफ रविवार को मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने कुलदीप ने कहा, 'मैच से पहले मैं उतना खुश नहीं था, क्योंकि हम एक टीम के तौर पर जिस तरह से फिनिश करना चाहते थे, उस तरह से फिनिश नहीं कर पाए. मेरा सीजन भी उतना अच्छा नहीं गया था. मुझे अपने आपसे काफी अधिक उम्मीद थी, लेकिन मैं वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाया.' कुलदीप ने बताया कि टीम के पिछले मैच के बाद वह अपने होमटाउन गए थे और वहां अपने कोच के साथ काम किया. वह अपनी लय वापस पाना चाहते थे और उन्होंने अभ्यास मैच भी खेला था. इस मूव का लाभ उन्हें फ़्रेचाइजी और पुराने घरेलू मैदान पर देखने को मिला. 'पिछले मैच के बाद मैं अपने घर चला गया था और अपने कोच के साथ उन एरिया में काम किया जिसमें करने की जरूरत थी और वहां मैंने एक मैच भी खेला. कुछ छोटी चीजें होती हैं जिन्हें आप बहुत जल्दी भूल जाते हैं खास तौर से सफेद गेंद की



क्रिकेट में. वहां जाकर उन चीज़ों पर काम करना और फिर वापस आकर यहां इस तरह की गेंदबाजी करना शानदार है.'

उन्होंने कहा, 'जब मैंने अपने कोच से बात की तो उन्होंने सीधे बोला कि तुम्हें गेंद को स्पिन कराना होगा, बल्लेबाज़ को चकमा देना होगा. मैं जानता हूं कि बल्लेबाज़ तुम्हारे खिलाफ़ आक्रामक हो रहे हैं, लेकिन जब तुम गेंद को स्पिन कराते हो तो तुम्हारे पास उन्हें आउट करने का मौक़ा होता है. पिछले कुछ मैचों में मैं अपने पूरे शरीर का इस्तेमाल नहीं कर रहा था. मुझे लगता है कि मैंने टुकड़ों में अच्छी गेंदबाज़ी की, लेकिन अपने रनअप या लय में आप कुछ चीज़ें भूल जाते हैं जिससे आपके खेल पर असर पड़ता है. 'टूर्नामेंट के दौरान वह किन चीजो में कमज़ोर पड़े इसके बारे में कुलदीप ने कहा, 'मैं थोड़ा ओपन चेस्ट से गेंदबाज़ी कर रहा था और कई बार आप अपने पूरे शरीर का इस्तेमाल नहीं करते हैं. मैंने केवल गेंद को पुश किया और यहां पर टी-20 बल्लेबाज सामने की ओर मारने या बैकफ़ुट पर खेलने में काफ़ी मज़बूत हैं. जब आप अपने शरीर का अधिक इस्तेमाल करने लगते हैं और गेंद को स्पिन कराने की कोशिश करते हैं तो आपको परिणाम देखने को मिलते हैं. आपको डिप और ड्रिफ्ट मिलती है और आप गति में मिश्रण भी कर सकते हैं. ये देखना अच्छा लगा. मुझे लगता है कि ये मेरे लिए शानदार मैच रहा क्योंकि पिछले मैच से वापसी कर रहा था.

**कब्जा नोटिस**

जबकि, IIFL-HFL ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002) ("उक्त अधिनियम") के प्रावधानों के तहत तथा उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("उक्त नियम") के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता, गारंटर, बंधककर्ता को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है। और इसके बाद, IIFL-HFL ने असाइनमेंट समझौते के माध्यम से दिनांक 29-दिसंबर-2025 को उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा देय ऋणों के संबंध में अपने सभी अधिकार, स्वामित्व, हित और लाभ, जो IIFL-HFL बैंक द्वारा उधारकर्ता/गारंटर को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न हुए हैं, और अंतर्निहित अचल संपत्ति को फीनिक्स आर्क लिमिटेड (पूर्व में "फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड" के नाम से जाना जाता था) को सौंप दिया है, जो फीनिक्स ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहा है झ वित्तीय वर्ष 26-14 ("फीनिक्स") सुरक्षा रसीद धारकों के लाभ के लिए। अतः, उक्त आवंटन के मद्देनजर, फीनिक्स अब IIFL-HFL के स्थान पर प्रतिस्थापित हो गया है। और फीनिक्स उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार के विरुद्ध सभी प्रकार की कार्यवाही शुरू करने/जारी रखने तथा वित्तीय दस्तावेजों के अंतर्गत अपने अधिकारों और लाभों को लागू करने का हकदार होगा, जिसमें उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा ली गई वित्तीय सुविधाओं के लिए निष्पादित और निर्मित गारंटी और सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है। ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा उक्त राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित अचल संपत्ति पर "जैसा है, जहां है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे उल्लिखित तिथि से कब्जा कर लिया है।

| ऋणकर्ता का नाम / सह-ऋणकर्ता का नाम / गारंटर का नाम / LAN नं. | सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री फैजल, श्रीमती यास्मीन चिकन वर्ल्ड कैफे (प्रोस्पेक्ट नं. IL10510884) | सर्वे संख्या 168/2/1/1, बाघाना, तहसील और जिला नीमच, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 458110 में स्थित भूखंड का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र क्षेत्रफल: 795.00, 636.00, 995.00 | रू. 1685850/- सोलह लाख पिच्यासी हजार आठ सौ पचास मात्र | 13-10-2025 | 22-05-2026 |

ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स उपरोक्त अचल संपत्ति पर वैध कब्जे में है। SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार या कोई भी व्यक्ति, इस सूचना की प्राप्ति के बाद, फीनिक्स की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित/हस्तांतरित नहीं करेगा। अचल संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन फीनिक्स द्वारा ऊपर उल्लिखित राशि के प्रभार के अधीन होगा, साथ ही उक्त राशि पर संविदात्मक दर से भविष्य का ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि भी देय होंगे। ऋणकताओं/गारंटरों/गिरवीदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो ऋण छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं। ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 26.05.2026

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था)
सीआईएन क्र.-U67190MH2007PLC168303 वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वॉलेस टावर्स, 139/140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे का चौराहा, विले पार्ले ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, 400057। दूरभाषः +91 02268492450।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद आगर जिला आगर मालवा म.प्र.**

क्रमांक / निर्माण / 2026 / 1701
आगर ,दिनांक 22/5/2026

// विज्ञप्ति सूचना //

प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्य की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत / कार्य की समयावधि | EMD / निविदा प्रपत्र का शुल्क | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | वार्ड क्र. 10 में घुगारिया गली में सिंगल कोट सी सी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.86 लाख 6 माह | 8861/- 2000/- | 06.06.2026 |
| 2 | | वार्ड क्र. 05 हरिमोहन माली से बाबू दा कारपेंटर के मकान तक सी सी रोड निर्माण कार्य। | 7.13 लाख 6 माह | 7132/- 2000/- | 06.06.2026 |
| 3 | | वार्ड क्र 04 सब्जी मंडी से बड़ौद रोड चौराहे तक डामरीकरण, चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। | 15.09 लाख 6 माह | 11350/- 2000/- | 23.06.2026 |
| 4 | | वार्ड क्र. 19 शीतला माता मंदिर के पास सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 7.22 लाख 6 माह | 7229/- 2000/- | 06.06.2026 |
| 5 | | जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत जे.सी.बी., डम्पर, पोकलेन आदि वाहन (मय ड्राइवर डीजल) किराये से लिये जाने का कार्य | 10 लाख 3 माह | 10000/- 2000/- | 06.06.2026 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(निलेश विजय कुमार जैन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद आगर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आगर

**कार्यालय नगर परिषद पुनासा जिला-खण्डवा (म.प्र.)**

क्रमांक / न.प./ निविदा / 2026 / 476
पुनासा, दिनांक 20.05.2026

// निविदा सूचना //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पोर्टल की वेबसाइट पर देखी जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | EMD राशि | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_510424_1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत जलप्रदाय, स्वच्छता, निर्माण एवं अन्य कार्य हेतु जे.सी.बी. किराया दर आमंत्रण। | 20.00 | 20000/- | 2000/- | 12 Month |
| 2 | 2026_UAD_510482_1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु मुरूम की दर आमंत्रण। | 20.00 | 20000/- | 2000/- | 12 Month |
| 3 | 2026_UAD_510372_1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय पर्व हेतु टेंट, प्रकाश एवं साउंड हेतु दर आमंत्रण। | 10.00 | 10000/- | 2000/- | 12 Month |
| 4 | 2026_UAD_510255_1 | निकाय क्षेत्र अन्तर्गत हैंडपम्प, सबमर्सिबल पम्प, पनडुब्बी, मोटर पम्प रिपेयरिंग कार्य हेतु दर आमंत्रण। | 15.00 | 15000/- | 2000/- | 12 Month |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(रुपेश पवार) अध्यक्ष नगर परिषद पुनासा
(राजेन्द्र मालाकार) उपाध्यक्ष नगर परिषद पुनासा
(मीराबाई राठौर) सभापति (निर्माण) नगर परिषद पुनासा
(दुर्गा सावनेर) सभापति (जलकार्य) नगर परिषद पुनासा
(राजकुमार ठाकुर) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पुनासा